हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]




## सचिव को प्रभार नहीं देने से परेशान ग्रामीणों ने की जिला पंचायत अधिकारी से शिकायत

**महासमुंद**। सरपंच और पूर्व सचिव की मिली भगत के चलते नवपदस्थ सचिव को प्रभार नही मिल पा रहा है। इसकी शिकायत लेकर उपसरपंच और पंचगण जिला पंचायत पहुंचे और सीईओ के नव पदस्थ सचिव को प्रभार दिलाए जाने की मांग की ताकि गांव के रुके हुए विकास कार्यों को गति मिल सके। मामला है पिथौरा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम धनोरा का। ग्रामीणों ने मांग पत्र में बताया है कि ग्राम पंचायत धनोरा के सचिव शिवलाल विश्वकर्मा का स्थानांतरण पूर्व में हो चुका है लेकिन सरपंच गिरीश चंद पटेल एवं सचिव के द्वारा दूसरे नये सचिव विश्राम निषाद को चार्ज नहीं दिए जाने से ग्राम पंचायत में कामकाज ठप पड़े हुए हैं।



▸▸| शेष पेज 12 पर

### आंदोलन : आने वाले दिनों में चरमराएगी स्वास्थ्य सेवाएं

## एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में आने वाले दिनों से स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने की आशंका है। वजह यह है कि जिले के लगभग 550 से ज्यादा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी सोमवार सें स्थानीय लोहिया चौक स्थित मंच पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिस कारण आपातकालीन सेवाएं भी पूरी तरह बंद हो गई है। जिलें के स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरा संकट मंडरा रहा है। दरअसल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लगभग 550 से अधिक कर्मचारी सरकार की उदासीनता और अनसुनी मांगों से त्रस्त होकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए है। जिस कारण विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई सहित सभी आपातकालीन सेवाएं भी बंद हो चुकी है। इस हड़ताल की सूचना पहले से कलेक्टर, सीएमएचओ, सिविल सर्जन और बीएमओ को दिया जा चुका है। एनएचएम कर्मचारी संघ महासमुंद के जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे, डॉ बी एल मिश्रा, डॉ देवेंद्र साहू, डॉ गेवंद्र नौरंगे, अंशुमन चंद्राकर, देवकुमार डडसेना, परमेश्वर सेन, हिरेंद्र कर, उत्तम श्रीवास, डॉ सुजाता शुक्ला, एकेश्वर शुक्ला, सुरेंद्र चंद्राकर, कोमल साहू, निर्मल साहू, सुनील साहू, डॉ कुलेश्वर मरकाम, रविंद्र कश्याकर, प्रेम बंजारे, दुर्गा पटेल, मेघा ताम्रकार ने बताया कि कई वर्षों से कर्मचारी सुदूर अंचलों से लेकर प्रमुख अस्पतालों तक स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं कोविड-19 जैसे संकटों में भी इन्होंने जान जोखिम में डालकर सेवा की लेकिन मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित है अन्य राज्यों में एनएचएम कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही है जबकि छत्तीसगढ़ में इन्हें केवल आश्वासन मिला। एनएचएम कर्मचारी संघ ने सरकार से तत्काल संवाद और मांगों पर कार्रवाई की अपील की है यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो स्वास्थ्य सेवाओं के बेपटरी होने की जिम्मेदारी सरकार की होगी। कमर्चारियों का कहना है अब आर पार की लड़ाई है हमारी मेहनत का सम्मान चाहिए।



### मांगें अनसुनी, अब आरपार की लड़ाई

हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों में संविलियन, स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण कार्य, मूल्यांकन में पारदर्शिता, लंबित 27% वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीट आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल व अन्य अवकाश, स्थानांतरण नीति और 10 लाख का कैशलेस चिकित्सा बीमा से जुड़ी मांग शामिल हैं।

### स्वास्थ्य सेवा होंगी पूरी तरह से ठप

एनएचएम संघ के सोमवार से हड़ताल पर रहने से जिले की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप होगी। हड़ताल के दौरान आपातकालीन सेवाएं, ओपीडी, टीकाकरण, और नवजात देखभाल इकाइयां पूरी तरह बंद रहने वाली है जिससे आने वाले दिनों में गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु, और गंभीर रोगी जैसे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।









## खबर संक्षेप



### उपाध्यक्ष रामटोली को भेंट की श्रीमद भगवद् गीता

**महासमुंद**। भगवान कृष्ण के जन्माष्टमी पर्व पर सिंधी पारा के महाकाल मंदिर में राम टोली द्वारा आयोजित भजन संध्या में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कौशिल्या बंसल, भाजपा नेता शरद मराठा, गौरव राठी शामिल होकर भगवान महाकाल एवं भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष द्वारा राम टोली को श्रीमद भगवत गीता ग्रंथ भेंट किया गया तथा टोली के सभी लोगों को जन्माष्टमी पर्व की बधाई देते हुये राठी ने कहा कि लगातार लगभग देढ़ वर्ष से राम टोली के द्वारा प्रतिदिन प्रातःकाल प्रभात फेरी निकाली जाती है जो अनुकरणीय कार्य है।




### आदिवासी समाज की रैली का किया गया स्वागत

**महासमुंद**। विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव पर सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद द्वारा आयोजित विशाल भव्य रैली का स्वागत नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पार्षद भाउराम साहू, भाजपा आईटी सेल प्रभारी शरद मराठा, गौरव राठी ने स्थानीय बरोंड चौक में फूल माला से किया। रैली में शामिल सभी आदिवासी नेताओं. जनप्रतिनिधियों, माता-बहनों, युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।



### लाफिन कला में युवाओं ने किया पौधरोपण

**महासमुंद**। रविवार को जिला मुख्यालय से समीपस्थ ग्राम लाफिन कला के उत्साही युवाओं ने अमलतास के छह पौधे रोपित कर हरियाली का संदेश दिया। साथ ही रोपित पौधों में जाली लगाकर सुरक्षित भी किया गया। ग्राम के उत्साही युवा गोवर्धन प्रसाद साहू और महेंद्र कुमार पटेल ने बताया उनके व ग्रामीणों के द्वारा चार वर्ष पहले रोपित किए गए करीब पचास पौधे अब काफी बड़े हो चुके हैं। उनकी लगाए सुरक्षा जाली को काटकर उसे दूसरे पौधों की सुरक्षा के लिए लगाया गया। वहीं पौधरोपण व उनके संरक्षण में प्रमुख रूप से पर्यावरण मित्र महेंद्र कुमार पटेल, गोवर्धन प्रसाद साहू, कमलेश साहू, अनिल साहू, उज्ज्वल पटेल ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



### पार्षद ने फहराया तिरंगा

**महासमुंद**। वार्ड क्रमांक 29 की पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा ने शास्त्री चौक, मलेरिया ऑफिस एवं क्लब पारा में झंडा फहराया। इस दौरान छन्नू साहू, अशोक ध्रुव, गोपी कन्नौजे, रामेश्वरी कन्नौजे, कुंती साहू, लक्ष्मी पटेल, रूखमणि कन्नौजे, गंगा बाई ध्रुव, पुष्पा पटेल, परमिला कन्नौजे, सुशीला ध्रुव, कमला धीवर श्यामा साहू, देवकी साहू झरना कन्नौजे, नीरा साहू, लक्ष्मी कन्नौजे, लोकनाथ साहू, भक्का, श्रेयांश साहू, डोमेश कन्नौजे, होरी कन्नौजे, मानिकपुरी, रामेश्वर साहू, धारित चंद्राकर उपस्थित थे।



### महिलाओं ने की पूजा अर्चना

महासमुंद। वार्ड क्र 23 में हलषष्ठी पर्व के अवसर पर महिलाओं ने संतान की दीर्घायु के लिए पूजा अर्चना की।



**आशंका : राजमार्ग की स्ट्रीट लाइट बंद, हादसे का भय**

# नेशनल हाईवे 53 में 'अंधेरा' जिम्मेदारों की आंखों पर पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर अंधेरा कायम है और शायद कायम ही रहेगा, क्योंकि महीनों से लगी स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। सड़क पर रोज़ सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, पैदल राहगीर भी इस अंधेरे में सफर करने को मजबूर हैं, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को इस समस्या से कोई सरोकार नहीं है। विडंबना यह है कि इस विषय पर पहले भी ध्यानाकर्षण कराया जाता रहा है। आवाज़ मीडिया के जरिये जिम्मेदारों तक तो पहुंची, लेकिन नतीजा शून्य रहा। न कोई मरम्मत हुई, न कोई जवाब मिला। लगता है मानो एनएचएआई के अफसरों ने आंखों पर पट्टी बांध ली है और उन्हें आम जनता की परेशानी से कोई लेना-देना नहीं।

रात के समय इन सड़कों से गुजरना मौत को दावत देने जैसा है। आए दिन हादसों का खतरा मंडराता रहता है। बरसात में स्थिति और भयावह हो जाती है सड़क गड्ढों से भरी है, ऊपर से अंधेरा। यह सब जानकर भी अगर जिम्मेदार खामोश हैं, तो यह उनकी लापरवाही नहीं बल्कि जनता की सुरक्षा से सीधा खिलवाड़ है। अब सवाल उठता है क्या एनएचएआई सिर्फ टोल वसूलने के लिए है? क्या उनकी ज़िम्मेदारी सिर्फ सड़क बनाने तक सीमित है, या फिर यात्रियों की सुरक्षा भी उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए? अगर जल्द ही स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त नहीं की गईं, तो ग्रामीणों और राहगीरों का धैर्य जवाब देगा और विरोध की चिंगारी भड़क सकती है। तब जिम्मेदार अधिकारी चाहे जितनी सफाई दें, जनता के गुस्से के सामने वह बेमानी ही होगी।

## आदर्श ग्राम कमरौद में हुआ अटल परिसर का लोकार्पण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कमरौद में 'अटल परिसर' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष येतराम साहू उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारती वेणु साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान, मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनिर्या, जिला युवा मोर्चा एवं स्काउट गाइड के आनंद साहू, एथलेटिक्स संघ जिला अध्यक्ष पंकज चंद्राकर ,जनपद सदस्य प्रहलाद थलेश्वरी साहू, महामंत्री देवांगन सहित भुवन लाल साहू, चमन लाल साहू, भूषण नामदेव, टेकराम साहू, विष्णुराम साहू, सुरेश साहिश और ओसांत पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात 'अटल परिसर' का विधिवत लोकार्पण किया गया।



जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, प्रखर राष्ट्रभक्त और दूरदर्शी नेता थे। उनका जीवन जन-जन के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। अटल जी ने अपने कार्यकाल में भारत को विश्व पटल पर एक नई पहचान दिलाई। आज ग्राम कमरौद में 'अटल परिसर' की स्थापना होना इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। यह परिसर न केवल अटल जी की स्मृतियों को जीवंत रखेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और आदर्श राजनीति का संदेश भी देगा। हमारा संकल्प है कि हम अटल जी के अखंड भारत' और 'सुशासन' के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य करेंगे। अध्यक्षता कर रही भारती वेणु साहू ने कहा कि अटल परिसर ग्राम कमरौद की धरोहर बनेगा। यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि यह प्रेरणा का केंद्र होगा जहां समाज, संस्कृति और शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अटल जी का व्यक्तित्व हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को संगठित करने और नई दिशा देने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने एक स्वर में कहा कि 'अटल परिसर' ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन तेजराम साहू के गरिमामय वातावरण में हुआ और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### लोकतंत्र की गरिमा तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका समर्पण सदैव अटल रहाः योगेश्वर राजू सिन्हा

**महासमुंद**। शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के पुण्यतिथि पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम भोरिंग में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हम भारत के महानतम नेताओं में से एक, भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में से एक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे हैं। यह अवसर उनके अद्वितीय व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र-निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करने का है। संविधान एवं लोकतंत्र की गरिमा तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका समर्पण सदैव अटल रहा है। उनकी हर पहल, चाहे वह परमाणु परीक्षण हो, कारगिल में साहसिक नेतृत्व हो, या शांति स्थापित करने के लिए लाहौर बस यात्रा का ऐतिहासिक कदम हमेशा राष्ट्रहित में अडिग और अटल रही। अटल जी की कविताएं, जैसे ₹हार नहीं मानूंगा,₹ उनके अटल विश्वास और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक हैं, जो हमें हर चुनौती में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के लिए वे हमेशा याद रहेंगे। करोड़ों युवाओं के लिए उनका पूरा जीवन एक प्रेरणा है। युवा नेता से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक का उनका सफर आसान नहीं रहा। उन्होंने कठिनाइयों से निकलकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। इस अवसर पर भाजपा तुमगांव मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, भाजपा नेता संदीप घोष, राजू साहू, आकाश पांडे, शशिकांत साहू, देवनाथ साहू, शंकर साहू, डोमार पटेल, द्रोणाचार्य साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



### मामा भांचा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**महासमुंद**। प्राथमिक शाला मामा भांचा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कोमल महानंद, पंचायत भवन में सरपंच धर्मेंद्र साहू, पशु चिकित्सालय में डॉ. सीआर साहू, संकुल केंद्र में पूर्व जनपद सदस्य घनश्याम कुंदन साहू के द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और पर्यावरण संतुलन पर एक पेड़ मां के नाम से अनेक स्थानों पर पौधारोपण किया गया। उपस्थित जनों में पंचगण में ढाल सिंह ध्रुव, लखन ध्रुव, केवल साहू, रितेश कुमार, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष वेद कुमार दीवान , शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष धनेश्वरी साहू, समीक्षा जैन, विशाखा यादव, पूर्व सरपंच अश्विनी वेद कुमार दीवान, स्कूल समन्वयक देवेंद्र चंद्राकर, प्रधान पाठक रोहित कुमारी ठाकुर, नेहा चंद्राकर, अनिता जांगड़े, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भामिनी सूर्यवंशी, मितानिन कांति साहू, जगबाई यादव, नल जल योजना अध्यक्ष पान बाई साहू, कुमारी ठाकुर, रोजगार सहायक अशोक साहू, मिलन ध्रुव, बली राम साहू, मन्नू साहू, रामायण दीवान, किशन साहू, अशवन पटेल, संतोष पटेल, रुपराय साहू आदि उपस्थित रहे।



### झाल खम्हरिया सोसायटी में फहराया गया तिरंगा

**महासमुंद**। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया में झंडा फहराया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्यामकुमार साकरकर, किशन साहू, गौतम चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर, हरीश चंद्राकर, कौशल ध्रुव, कार्तिक साहू, चंदन साहू, परमेश्वर साहू, हेमकुमार, उत्तमकुमार साहू, टेकराम साहू, भोजराज साहू, प्रबंधक दुवन चंद्राकर, काशीराम यादव, युवराज साहू, नरेंद्र सेन, राकेश साहू, यशवंत चंद्राकर, भेखराम, टेकराम, यादव, दिनेश निषाद, भुवनेश्वर ध्रुव उपस्थित रहे।



### पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद**। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न और एक महान कवि-हृदय राजनेता अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें देशभर में याद किया गया। इसी कड़ी में, महासमुंद जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, ने ग्राम बेलसोंडा में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हुलसी ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के एक ऐसे स्तंभ थे, जिन्हें उनके विपक्षी भी सम्मान देते थे। वे सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि एक प्रखर वक्ता, संवेदनशील कवि और दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में राजनीति में अजातशत्रु की उपाधि पाई। कारगिल युद्ध में उनका नेतृत्व हो या पोखरण परमाणु परीक्षण, उन्होंने हर चुनौती का सामना दृढ़ता से किया। चंद्राकर ने उनके छायाचित्र पर फूलमाला अर्पित कर अपना सम्मान व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने गांव के वरिष्ठ बुजुर्ग नागरिकों को श्रीफल एवं गमछा पहनाकर उनका भी सम्मान किया।

### सतनाम संस्कृति को अक्षुण्ण रखने का लिया संकल्प

**मुरकी में मनाई गई गुरु बालकदास जयंती**

**महासमुंद**। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज खट्टी परिक्षेत्र के नेतृत्व में ग्राम मुरकी में सतनाम धर्म के संस्थापक गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र गुरु बालकदास के जयंती भादो माह के अष्टमी तिथि को पूजा अर्चना व असतो मा सद्गमयं सत्संग मंडली तमोरा के प्रवचनकर्ता संत खोमन मार्कंडेय के प्रवचन से शुरुआत की गई। इस अवसर पर जिला सचिव रेखराज बघेल ने गुरु बालकदास के इतिहास से अवगत कराया। घनश्याम जांगड़े जिला कार्यकारिणी सदस्य, कृष्ण कुमार नारंग अध्यक्ष खट्टी परिक्षेत्र व उपाध्यक्ष महेश जांगड़े, युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सतनाम संस्कृति व कार्यक्रम के लिए उत्सुक किशोरियां प्रियंका, तन्नु, सीमा, अंशु, पलक, देविका, छोटी, दामिनी को सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर महेश जांगड़े ने बच्चों के शिक्षा के लिए पांच सौ देने की शुरुआत किया। जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खट्टी परिक्षेत्र से चोलेश्वर मारकंडेय, लाल कुमार, भेखराम, मांडले, संतराम भारती, सुखेंद्र बंजारे व तीरथ जांगड़े, राजेंद्र भारती, गैंदू टंडन, हेमंत कुमार, लिकेश्वर, घनश्याम हिरवानी, एवन, सुरुज व बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, युवा बुजुर्ग व बच्चे उपस्थित रहे।

## स्कूल में सरपंच ने ध्वजारोहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

आज ग्राम पंचायत सिंघनपुर सरपंच झालबाई राय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बरभांठा में भारत माता की छाया चित्र में पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर ध्वजारोहण किया गया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र में जया आवड़े (एफएलसीआरपी) ने ध्वजारोहण किया। स्कूल में अतिथियों के स्वागत के बाद बच्चों द्वारा गीत, कविता व भाषण दिया गया, जिसमें सरपंच द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही अतिथियों का उदबोधन हुआ उसके बाद मिठाई वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से झालबाई राय सरपंच, देवेंद्र राय सरपंच प्रतिनिधि, चमारराय ध्रुव पूर्व सरपंच, भागवत योगी, शालीनी गायगोरे प्रधान पाठिका, तिजमत साहू शिक्षिका, महेश्वरी राय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधियों में - सुन्दर कुर्रे, रूप सिंग, बेदराम निषाद, पूरन कोसरिया, लालजी भारती, भारत टंडन, लखन ध्रुव, आनंद मन्नाडे, हेमंत जांगडे, गोवर्धन आवड़े, नंदू टंडन, टेकराम भारती, मिलाप साहू, अर्जुन कोसरिया, मुकेश खूंटे, रतिराम, जया आवड़े, कुमारी प्रभाकर, राखी कोसरिया, रजनी टंडन, तीजबाई यादव, रेनु टंडन आदि की उपस्थिति रही।



## झलप अंचल में आजादी का 79वां पर्व धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झलप व आसपास के ग्रामों में आजादी का 79वां पर्व हर्षोल्लास और देशभक्ति के रंग में सराबोर होकर मनाया गया। हर जगह तिरंगे की शान लहराई और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा।

झलप के हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निर्भय नायक ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बच्चों ने ड्रम की थाप पर कदमताल करते हुए प्रभात फेरी निकाली। इसी तरह पूर्व माध्यमिक शाला झलप में समिति अध्यक्ष ललित निषाद ने ध्वज फहराया, जहां से स्कूली बच्चों ने ₹भारत माता की जय₹ और ₹स्वतंत्रता दिवस अमर रहे₹ के गगनभेदी नारों के साथ रैली निकालते हुए ग्राम पंचायत पहुंचकर उत्सव को और भव्य बना दिया। ग्राम पंचायत झलप में सरपंच राकेश साहू ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया। कार्यक्रम में पंचगण, सभी स्कूलों के शिक्षक-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। रैली और ध्वजारोहण के बाद बच्चों को मिठाई वितरित की गई। इसी कड़ी में ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झलप में अध्यक्ष सागर साहू ने तिरंगा फहराया। वहीं पास के ग्राम पंचायत पचरी, नरतोरा, सिनोधा, बरेकेल, सोनासिल्ली सहित सभी सहकारी समितियों और शैक्षणिक संस्थानों में भी पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। आजादी का यह पर्व झलप और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में सचमुच एकता, उत्साह और देशभक्ति की मिसाल बनकर सामने आया।





पेज 11 का शेष

### सचिव को प्रभार नहीं...

जिसकी शिकायत करने एवं जल्द प्रभार दिलानें की मांग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से कार्यलय पहुंचे। उपसरपंच रामकुमार पटेल एवं पंचगण सुशीला ठाकुर, लखराम जंतरी दीवान, फुलेश्वरी, फुलकुंवर, नोहर सिंग, देवसरी, जगदीश एवं ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत पिथौरा के आदेश के अनुसार विश्राम निषाद सचिव ग्राम पंचायत बरतुंगा का ग्राम पंचायत धनोरा में सचिव पद का प्रभार हेतु आदेश हुआ है। चूंकि, सरपंच गिरीश चंद पटेल व सचिव शिवलाल विश्वकर्मा द्वारा आज पर्यंत तक नवपदस्थ सचिव विश्राम निषाद को ग्राम पंचायत धनोरा का सचिव पद का प्रभार नहीं दिया जा रहा है व उपस्तिथि प्रतिनिवेदन लेने में भी इनकार किया जा रहा है। जिसकी शिकायत मुख्य कार्यपानलन अधिकारी जिला पंचायत से कर जल्द पदभार देने की मांग किये है।

**सचिव पर लगे आरोप** : ग्राम पंचायत के उपसरपंच एवं सभी पंचों सहित लक्ष्मीलाल, मीतराम पटेल, मयाराम पटेल, एवं अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सचिव शिवलाल विश्वकर्मा द्वारा पंचायत कार्यालय नहीं खोला जाता है एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 500-600 रुपए व राशन कार्ड बनाने के लिए 2000-3000 रुपए की मांग की जाती है।

**प्रभावित हो रहे पंचायत के काम** : धनोरा उपसरपंच रामकुमार पटेल एवं पंचों ने बताया की नए सचिव विश्राम निषाद को जार्च नहीं देने की वजहों से पंचायत में आय-व्यय का लेखा-जोखा, प्रधानमंत्री आवास, नल-जल योजना, सीसी सड़क सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में अवरोध उत्पन्न हो रहा है।

## शहीद स्मारक खरोरा में हुलसी का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खरोरा ग्राम स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस की संध्या में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर एवं विशेष अतिथि ग्राम सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर रहीं। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत व गीतात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। जिनमें वत्सल चंद्राकर, कियांश साहू, मयंक साहू, लाव्यांश चंद्राकर, गुणीश चंद्राकर, शिवाय चंद्राकर, आदित्य चंद्राकर, आलिया वर्मा, सूर्या वर्मा, कविश चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर और हिमांशी पांडे की प्रस्तुतियां विशेष रूप से सराही गईं। कार्यक्रम में हुलसी चंद्राकर, वीणा कमलेश चंद्राकर एवं पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने कहा कि आजादी हमें कठिन संघर्ष और बलिदान से प्राप्त हुई है, इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। समारोह का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन परिषद अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने किया। उन्होंने कहा कि हमें सच्ची स्वतंत्रता तभी मिलेगी जब हम व्यक्तिगत स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, परिवारवाद और संकीर्ण मानसिकताओं से ऊपर उठेंगे। इसी दिन सुबह परिषद के पदाधिकारियों द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रावण भांठा, ईशाक बैंक तथा वृद्धाश्रम में जाकर झंडा वंदन भी किया गया।



## देश भक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**सरायपाली**। शासकीय प्राथमिक शाला व उच्च माध्यमिक शाला लंबर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा में वातावरण में मनाया गया। प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि मदन लाल चौरसिया सरपंच, विशिष्ट अतिथि दिलीप चौरसिया, अध्यक्षता समारु लाल चौहान प्रधान पाठक, विशिष्ट अतिथि ठंडाबाई मैत्री शाला विकास समिति अध्यक्ष, पंचायत सचिव कलाराम उप सरपंच अनिता चौरसिया, राजू चौरसिया, गोपाल प्रसाद, श्यामलाल मैत्री, आनंद राम, मोहन राव, पत्रकार सत्तार अली और ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका चित्र पटेल ने की। प्रधान पाठक समारु लाल चौहान ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और आदर्श पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आवाहन किया। बच्चों ने देशभक्ति गीत भाषण कविता व देश भक्ति गीतों पर संस्कृत व सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी शिव शोभन सिंह ठाकुर, गौरी शंकर साव, गिरीश पाढी, निलेश चौरसिया, प्रिया थवाईत एवं रसोईयों ने उपस्थिति दी और कार्यक्रमों की गरिमा को और बढ़ा दी। बच्चों में देशभक्ति और उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। शासकीय माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक समारु लाल चौहान ने सभी अतिथियों शिक्षकों विद्यार्थियों ग्राम वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन और मिठाई पुरस्कार वितरण के बाद सभी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।



किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया

**झलप।** शनिवार को ग्रामीण अंचलों में कृष्ण जन्म अष्टमी का पर्व धूम धाम से मनाया गया। गांवों में जगह-जगह दही हांडी, मटकी फोड़ और अन्य रात्रि कार्यक्रम आयोजन किया गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही पर्व को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ था। मंदिरों में दिनभर जय कन्हैया लाल की व गोविंदा आला रे आला की गूंज सुनाई देती रही। सुबह से ही भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचते रहे। वही पर्व को मनाने छोटे-छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। अंचल के घरों में छोटे-छोटे बच्चों को गोप-गोपिकाओं के वेष में तैयार किया गया था। मुनगासेर, बरभाठा, गुढेलाभाठा, पचरी, नरतोरा, बरेकेलकला, जोबा, गोडपाली और अन्य गांवों में पर्व के दौरान उत्साह रहा।

### सेवा केंद्र में 23 को रक्तदान शिविर

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वी पुण्य स्मृति दिवस जिसे विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है, के मौके पर 23 अगस्त को सुबह 9 से शाम, 5 बजे तक स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड तुमगांव रोड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने दी।

### अंडर-14 क्रिकेट टीम का चयन 24 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार महासमुंद जिला क्रिकेट संघ की अंडर -14 टीम के लिए चयन 24 अगस्त को मिनी स्टेडियम, महासमुंद में सुबह 9 बजे से किया जाना है। अंडर -14 के लिए खिलाड़ियों का कट आफ डेट 01/09/2011 से 31/08/2013 के बीच निर्धारित किया गया है। चयन में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों को 23 अगस्त तक अपना पंजीयन करना अनिवार्य रहेगा। पंजीयन के लिए खिलाड़ियों को पिछले 6 कक्षाओं की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड पीवीसी और दो पासपोर्ट साइज फोटो यह सभी दस्तावेज ओरिजिनल लाने होंगे इन्हें कॉलेज रोड स्थित संघ के कार्यालय में जाकर पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

# फुलझर ब्लड फाउंडेशन द्वारा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- शिविर में 20 उत्साही लोगों ने किया रक्तदान

भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर फुलझर ब्लड फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ की ओर से बसना सक्षम ब्लड बैंक में एक भव्य और प्रेरणादायी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए, उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा और मानव कल्याण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना था। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक संचालक प्रवीण साहू और उनकी टीम देवराज प्रधान, पात्रो एवं अन्य कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा। उनके समर्पण और कुशल प्रबंधन ने रक्तदान प्रक्रिया को पूरी तरह सहज और व्यवस्थित बनाया। इसी तरह फाउंडेशन से जुड़े सुनील साहू, चुम्मन मांझी और अजय जगत ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर की सफलता में फुलझर फाउंडेशन के कई सक्रिय सदस्यों ने भी



अपना सहयोग दिया। इनमें उमेश प्रधान, दुर्गेश नायक, सूरज प्रधान, प्रियरंजन दास, चुम्मन मांझी, ब्रजेश पटेल, शेषाचार्य महाराज, धनुर्जय साव, सेतराम साहू, राजकुमार अग्रवाल, तरुण चौहान, अनुरोध चौहान, लक्ष्मण निषाद, अजय राणा, तेजकुमार ठाकुर और जितेश साहू प्रमुख रूप से शामिल रहे। इनकी निस्वार्थ सेवा भावना ने न केवल रक्तदान शिविर को सफल बनाया बल्कि स्थानीय युवाओं में रक्तदान की महत्ता के प्रति जागरूकता भी फैलाई।

### संरक्षकों के मार्गदर्शन में सफल आयोजन

फाउंडेशन के संरक्षक प्रवीण साहू और लोकनाथ पटेल के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से यह आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उनकी नेतृत्व क्षमता और दूरदृष्टि ने युवाओं एवं समाजसेवियों को इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष तरुण बारीक, उपाध्यक्ष खीरसागर पटेल और सचिव शुभम साहू सहित संपूर्ण टीम मौजूद रही। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि सचिव शुभम साहू का जन्मदिन भी इसी दिन था, जिसे ब्लड बैंक परिसर में सभी रक्तदाताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ मनाया गया। जन्मदिन को रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से जोड़ना स्वयं में ही एक अनूठा और प्रेरणादायी उदाहरण रहा।

### 20 रक्तदाताओं का अमूल्य योगदान

शिविर में कुल 20 उत्साही रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से खीरसागर पटेल, दुर्गेश नायक, सूरज प्रधान, खीरसागर डड़सेना, जगेश्वर राज, सुभाष जगत, महेत्तर सिदार, दिनेश कुमार यादव, भूषण नायक, देवेश प्रधान, हेमंत पटेल, गितेश नायक, सोनसाय खूंटे, किशन चौहान, सिंधु यादव, विकास पटेल, पूनम जैन, धर्मेंद्र बारिक, महेश नायक और रितेश पटेल शामिल रहे। इनका रक्त आने वाले दिनों में उन मरीजों तक पहुंचेगा, जिनके लिए समय पर रक्त मिलना जीवन और मृत्यु के बीच की सबसे बड़ी कड़ी साबित होगा। यह कार्य न केवल मानवीय कर्तव्य का पालन है बल्कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं के जागरण का भी संदेश देता है।

# आजादी के तिहार छत्तीसगढ़ी नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति से तृतीय स्थान प्राप्त

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन जोर_शोर से हर्षोल्लास पूर्वक हुआ। मिनी स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्व अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर पूरे ऊर्जा के साथ अपने पैरों की थिरकन से, वीर, श्रृंगार, हास्य रस से सराबोर ₹आजादी के तिहार₹ से तृतीय स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका बरखा तिवारी, अनिशा यदु, डायना राते एवं वसुंधरा यदु थीं। कार्यक्रम का श्रीगणेश भारतमाता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, तिलक, पुष्प अर्पण से हुआ। साथ ही ध्वजारोहण अथितियों के द्वारा किया गया। नीलगगन में शान से लहराया तिरंगा, ₹ज्ञान गंगा में नहाकर खिल उठे तिरंगे को सलामी दी गई, राष्ट्रगान ₹जनगणमन₹ की आरोह-अवरोह से सुरमयी धुन में समूह गान हुआ।




15 अगस्त के पावन पर्व पर अथिति आसंदी स्वरूप संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष कविता पींचा, पीयूष लूनिया, किशोर शुक्ला एवं दिलीप बोथरा, की गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय रही। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के मार्गदर्शक हमारी संस्था की प्राचार्य शर्वरी पींचा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया, उनके अंदर आत्मविश्वास जागृत किया।

सभा संबोधन की कड़ी में सर्वप्रथम चेयरमैन महेंद्र जैन ने आजादी के महत्व को उल्लेखित करते हुए बताए कि 15 अगस्त 1947 दिन भारत के स्वर्णिम इतिहास में अंकित है। यह वह गौरव का दिन है, इस दिन पूरे भारतवासी को अंग्रेजों के तांडव से मुक्ति मिली। इसी तारतम्यता में प्राचार्य शर्वरी पींचा ने वक्तव्य में चरितार्थ किए कि आजादी का मतलब है अपने सपनों को उड़ान देना, अपने देश को हर क्षेत्र में अग्रणी करना।

तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेला में देशभक्ति भाषण, कक्षा बारहवीं के छात्र अक्षत भारद्वाज अब ग्यारहवीं की छात्रा श्रेया खत्री ने प्रस्तुत किए। ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ पर नन्हे प्यारे बच्चों ने अभिनय, नृत्य गान कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए तथा नर्सरी, किंडरगार्टन के विद्यार्थियों ने वीर-वीरांगनाओं के विविध परिधान में आभूषित होकर शिक्षकों अथितियों का मन मोह लिया। इस प्रकार कार्यक्रम रोचकपूर्ण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आकांक्षा मिश्रा एवं भोजराम बघेल ने संयुक्त रूप से किया।

## नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को, तैयारी को लेकर जिला न्यायाधीश ने ली बैठक

**महासमुंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 13 सितंबर 2025 दिन शनिवार को जिला न्यायालय तथा सभी तालुका स्थित न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो द्वारा जानकारी दी गयी कि न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित तथा सस्ता एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय महासमुंद तथा बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली तालुका स्थित सभी न्यायालयों में खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन तथा अधिक से अधिक के प्रकरण रखे जाने के संबंध में आज प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा जिला मुख्यालय स्थित न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली गई। साथ ही तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायिक अधिकारी वीडियों कान्फ्रेसिंग से जुड़कर बैठक में वर्चुल रूप से शामिल हुए। न्यायिक अधिकारियों के बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा न्यायालयों में जो प्रकरण चिन्हांकित किए गए है जैसे एमएसीटी, सिविल प्रकरण, एनआई एक्ट, समरी प्रकरणों के आकड़ों का अवलोकन भी किया गया। साथ ही पूर्व में आयोजित लंबित अथवा निराकृत प्रकरणों के बारे में समीक्षा की गई। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए न्यायालयों में 5 से 10 वर्षों से लंबित प्रकरणों तथा वरिष्टजनों से संबंधित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए।



### नपाध्यक्ष ने वार्ड 28 के नागरिकों की सुनी समस्याएं

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 28 मौहारीभाठा का भ्रमण कर वार्डवासियों की समस्याएं सुनी। साथ ही वार्ड में संभावित विकास कार्यों के लिए नागरिकों द्वारा दिए गए सुझाव पर शीघ्र पहल करने की बात कही। भ्रमण के दौरान वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष को विभिन्न समस्याओं तथा मांगों से अवगत कराया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं तथा सभी मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया।



### जगदीशपुर स्कूल में हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**बसना।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेंट स्टीफेंस मॉडल स्कूल जगदीशपुर नरसिंहपुर में मुख्य अतिथि डॉ तुषार कांति नायक, गेस्ट ऑफ हॉनर अश्वनी प्रधान, प्राचार्य विजय दास और प्राचार्य प्रतिनिधि आशा गुप्ता की उपस्थिति में रंगारंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सुबह सात बजे बच्चों ने शाला के प्राचार्य सहित सभी को बैच पहना कर सम्मान किया, उसके उपरांत जगदीशपुर में रैली का आयोजन हुआ जिसमें बच्चे भारत माता, भीमराव आंबेडकर, झांसी की रानी, महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू सरोजनी नायडू एवं देश के सिपाहियों की वेश भूषा में शामिल हुए। रैली को जगदीशपुर के पंचायत और गणमान्य नागरिकों ने श्रीफल और पुष्प से स्वागत कर उनका उत्साह बढ़ाया। देश भक्ति लोक नृत्य प्रतियोगिता, भाषण, और कविताएं कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थे। वही डिस्प्ले बोर्ड को भी देश भक्ति के संदेशों से सजाया। बच्चों की पेशकश देख पर मुख्य अतिथि ने बच्चों की प्रतिभा में उतरोतर उन्नति बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने मिल कर देश भक्ति गीतों पर एक साथ नृत्य किया।



### लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ईश्वर जगत

**महासमुंद।** जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर महासमुंद में लघुवेतन कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें ईश्वर जगत के द्वारा अध्यक्ष पद हेतु अपनी दावेदारी प्रस्तुत की गई थीं। जिले के न्यायालयीन लघुवेतन कर्मचारियों द्वारा सर्वसम्मति से ईश्वर जगत को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। न्यायिक लघुवेतन कर्मचारी संघ के नव नियुक्त अध्यक्ष द्वारा सचिव पद के लिए अजय खरे को चुना गया। उक्त चुनाव प्रक्रिया में जिला न्यायालय महासमुंद तथा तालुका स्थित सरायपाली, बसना, बागबाहरा एवं पिथौरा न्यायालयों के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा चुनाव कार्य में उत्सावपूर्वक भाग लिया। उक्त कर्मचारियों के चुनाव संबंधी निष्पादन कार्य हेतु न्यायालय उप-अधीक्षक अखिलेश गुप्ता को चुनाव अधिकारी तथा लेखापाल प्रदीप देवांगन को उप चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था।

# सलिहाभांठा स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के बच्चों के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी और दही लूट बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। शाला के बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सज-धजकर दही लूट कर और मटकी फोड़कर लोगों को गोकुल की गलियों की याद दिलाकर अपने साथ झूमने मजबूर कर दिया। गांव के माताओं के द्वारा शाला में राधा-कृष्ण की पूजा कर उन्हें गांव भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। प्रधान पाठक योगेश निर्मलकर और शिक्षक रामेश्वर ढीढी के मार्गदर्शन में शाला से सभी बाल गोपाल और राधा बनी बालाएं बैंड बाजा के साथ नाचते-कूदते गांव भ्रमण करने निकले। गांव में हर घर



से इन बाल गोपालों का स्वागत और आरती, पूजा किया गया। गांव के लोगों द्वारा पांच जगहों पर लगाए दही हांडी को नन्हे माखनचोर और बाल राधाओं के द्वारा पिरामिड बनाकर फोड़ा गया और प्रतीकात्मक दही लूट किया गया। गांव भ्रमण के दौरान पूरे गांव वाले भी बच्चों के साथ झूमते नाचते हुए साथ चल रहे थे।

सभी बच्चे बड़े ही मजे से खूब नाचते झूम रहे थे। इसके पश्चात पालकों के लिए झूल मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिला-पुरुष बारी-बारी से प्रतिभागिता किए। इसमें पिरीत राम साहू विजयी रहे। बड़ी संख्या में आए गांव की महिलाएँ आखिर में समूह नृत्य कर बच्चों को प्रोत्साहित किए। आखिर में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। गांव के लोगों ने इस कार्यक्रम की खूब सराहना की। इस आयोजन की सफलता में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पिरीत राम साहू, पंचराम ध्रुव, बिसनी बाई दीवान, नीरा दीवान, पूर्णिमा यादव, उपसरपंच रिखीराम दीवान, हितेश दीवान, तिलक साहू, भोजराम साहू, भीम यादव, भुनेश्वर साहू, गुलाब ध्रुव, कीरित दीवान, त्रिलोकी साहू, आशाराम ध्रुव, चोवाराम ध्रुव आदि लोगों सहित माता वर्गों का विशेष योगदान रहा। शाला के पूर्व छात्रों ने भी इस दौरान भरपूर सहयोग किया। इस दौरान गांव के सभी ग्रामीण और बच्चे उपस्थित थे।

# गड़बेड़ा में धूमधाम से मना कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गड़बेड़ा में यादव समाज के तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच वृंदावती नायक ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में महेश्वर पटेल पूर्व उपसरपंच, लोकनाथ नायक, मोहित यादव, उपसरपंच दयालु राम यादव, लाला नाग, द्वारिका यादव अध्यक्ष यादव समाज विराजमान रहे।

मुख्य अतिथि का उद्बोधन प्रारंभ हुआ जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक द्वारकाधीश यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण के समान शक्तिशाली इस संसार में कोई नहीं था और न ही भविष्य में होगा। उन्होंने गोवर्धन पर्वत को एक ऊंगली पर उठाकर असंभव को संभव कर दिखाया। साथ



विधायक यादव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निजी विद्यालय में जहां बच्चों के साथ-साथ माता-पिता भी पढ़ते हैं, वहीं शासकीय विद्यालयों में अभिभावक बच्चों की पढ़ाई पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय दें, क्योंकि शिक्षा और संस्कार ही वे माध्यम हैं जिनसे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। विधायक ने यह भी बताया कि उन्होंने स्वयं इसी विद्यालय से मिडिल स्कूल की पढ़ाई की है और जनता के सहयोग से लगातार दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं।

इस अवसर पर विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने विधायक निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भी किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राधा-कृष्ण और बाल गोपाल की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। कलश यात्रा के साथ-साथ चौक-चौराहों पर मटकी फोड़ का आयोजन हुआ। राऊत नाचा व सुवा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। महिलाओं के लिए भी खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में काजल निषाद ने प्रथम और तामेश्वरी यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता में तामेश्वरी यादव विजेता बनीं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पवन साहू, शिवराम साहू, गोवर्धन चंद्राकर, रामदास मानिक पुरी, बजरंग महाजन, एवन वस्त्रकार, बिसाहू बघेल, राजाराम रात्रे, मनराखन बघेल सहित ग्राम पंचायत के पंचगण, यादव समाज के पदाधिकारी, महिला संगठन, युवा शक्ति, एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भगवान दास यादव एवं टीकाराम पटेल ने संयुक्त रूप से किया तथा आभार प्रदर्शन मोहित यादव द्वारा किया गया।

# लखनपुर में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी राउत नाचा, भजन कीर्तन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

लखनपुर में कृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम से मनाई गई, कार्यक्रम का आयोजन नवयुवक समिति के द्वारा किया गया। कार्यकम स्थल बजरंग बली मंदिर चौक में भारी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति में मटकी फोड़ कर किया गया। राउत नाचा के साथ डीजे की धुन में सभी नागरिक गांव की गलियों में करीब 35 से 40 जगह मटकी फोड़ते हुए वापस मंदिर चौक पहुंचे। इस दौरान पूरे गांव में भजन कीर्तन चलता रहा। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के नारों से आसमान गूंज उठा। विगत 13 वर्षों से ग्राम लखनपुर में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान भंडारा चल रहा था, इसमें ग्राम के सरपंच ख़ेमीन, चोवा ध्रुव उपसरपंच,



कमल कौशिक, नरेंद्र कौशिक, बिरसिंग, भूपेंद्र, विक्की, भुनेश्वर, चमन, बिट्टू, धनसाय, कुंजू, रोशन, छोटू, नूतन, गोलू, सोनू, उमाशंकर, मोरध्वज, दसरत, निक्की, तोषराम, राजू, ललित, लछमन, मोहित, तिलक, सनी, गुलशन, जगदीश, योगेंद्र, कीरत, रामकुमार, देवेंद्र, बंटी, भगवानू धीवर, अवध, भोजराम एवं समस्त ग्रामवासी शामिल थे। कार्यक्रम में लखनपुर के अलावा आसपास के गणमान्य नागरिक निर्भय नायक, शम्मी सलूजा, सागर साहू, खेमराज बघेल, हेमंत डडसेना, दिनेश्वर साहू, मिथुन सिंग, शमशेर आदि शामिल रहे। नवयुवक विकास समिति लखनपुर ने सभी उपस्थित ग्रामीणों एवं अतिथियों का आभार किया गया।

## खबर संक्षेप



### बिरकोनी में कृष्ण जन्मोत्सव की रही धूम

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बालक-बालिकाओं ने प्रतियोगिता का आयोजन किया। शुक्रवार और शनिवार रात में महिलाएं व बच्चों ने कृष्ण जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना की गई। मेन रोड के पास नन्हे मुन्ने बच्चों ने कृष्ण-राधा झांकी के साथ रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शिव मंदिर वार्ड में मटका फोड़ के साथ धार्मिक आयोजन हुआ। खल्लारी पारा में बच्चों के कृष्ण-राधा की आकर्षक झांकियां सजाई गई। इस दरमियान भक्त दर्शन के बाद जयकारे लगाए। रात में दही लूट, मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

### दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दो लाख रूपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें बालसी केंद्रीय विद्यालय के पास सरायपाली में टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में वीरेंद्र नगर सरायपाली निवासी गुरुमुख सिंह सलूजा की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि एवं पत्नी रजिंदर कौर सलूजा को दो लाख रुपये की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरबसपुर की मृतिका रामबाई निर्मलकर के पति बलराम निर्मलकर के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### भारत मां के जयकारे लगाते हुए किया भ्रमण

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारपारा महासमुंद में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह 7.30 बजे बच्चों ने नगर में प्रभात फेरी निकालकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान भारत माता के जयकारे लगाते हुए वापस स्कूल पहुंचे। मुख्य अतिथि पवन पटेल पार्षद वार्ड नं -24 कुम्हारपारा - महासमुंद, विशिष्ट अतिथि रेखा बेहरा, शाला समिति अध्यक्ष सीताराम चक्रधारी, उपाध्यक्ष चिंतामणि नेताम, शिक्षाविद मथुरा तिवारी थे। अतिथियों ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेणुका निषाद, अंजु प्रजापति, पूर्णिमा ठाकुर, रंभा जगत व अन्य उपस्थित रहे।

---

### आपबीती : महिला सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की मांग

# महिला ने लगाया दहेज प्रताड़ना और सामाजिक बहिष्कार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना ब्लॉक के बड़े डाभा निवासी गायत्री पटेल पति मुरलीधर पटेल ने मीडिया के सामने आकर अपने साथ हुए कथित उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, मारपीट और समाज द्वारा बहिष्कार के गंभीर आरोप लगाए हैं। गायत्री पटेल (ससुराल-बड़े टेमरी) ने बताया कि उनकी शादी को महज 5 वर्ष हुए हैं। लॉकडाउन के दौरान उनकी शादी हुई थी और माता-पिता की सामर्थ्य अनुसार उन्होंने विवाह में बाइक, सोना-चांदी, बर्तन, नगद राशि और अन्य आवश्यक सामान दिए थे, जैसा कि गांव-देहात में परंपरा होती है। इसके बावजूद शादी के डेढ़ साल बाद से ही पति और ससुर शराब के आदी होने के कारण रोजाना नशे की हालत में घर आकर दहेज कम लाने का ताना देते और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे।



पीड़िता ने आरोप लगाया कि डेढ़ महीने के गर्भ में पल रहे बच्चे के साथ उन्हें घर से बाहर कर दिया गया। "पति अक्सर गाली-गलौज करता, मारपीट करता और अंततः समाज के कुछ सदस्यों के साथ मिलकर मुझे घर से निकाल दिया, "। गायत्री ने बताया कि ससुराल पक्ष ने समाज के सामने शर्त रखी थी कि 2 लाख रुपये और एक चारपहिया वाहन लाने पर ही उन्हें वापस ससुराल में रखा जाएगा। वहीं समाज के कुछ लोगों ने भी 3 लाख रुपये देने पर ही समाज में वापस मिलाने की बात कही।

पीड़िता का कहना है कि मामले की शिकायत समाज में करने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला, बल्कि सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया। "हमारे घर आना-जाना, बातचीत, हुक्का-पानी सब बंद कर दिया गया, " उन्होंने बताया।

गायत्री का मायका बड़ेडाभा में है और उनका परिवार सब्जी का व्यापार करता है। इतनी बड़ी राशि जुटाना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि वह कई बार बसना थाने, महासमुंद एसपी कार्यालय और कलेक्टर तक जाकर लिखित व मौखिक शिकायत दर्ज करा चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी तरह की ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में पुलिस और प्रशासन की धीमी कार्रवाई के कारण वह बीते 3 वर्षों से मायके में रहकर संघर्ष कर रही हैं। अब वह मीडिया के माध्यम से अपनी आवाज समाज और प्रशासन तक पहुंचाकर महिला सुरक्षा कानून के तहत सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं।

---

# शिक्षा के मंदिर में 'हर्बल व्यापार' का धंधा, शिक्षक बने नेटवर्किंग एजेंट!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

सरकारी स्कूलों के कुछ शिक्षक अब

- शासकीय सेवा नियमों का उल्लंघन करने की शिकायत

शिक्षा छोड़ 'हर्बल व्यापार' के एजेंट बन गए हैं। बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी निभाने के बजाय ये गुरुजी हर्बल दवाइयां बेचते, नेटवर्किंग की बैठकों में शामिल होते और महंगी कारों में ठसक दिखाते नजर आते हैं। शिक्षा के मंदिर में पढ़ाई के बजाय मोलभाव और पैसों की खनक गूंज रही है।

सरकारी सेवा नियम साफ कहते हैं कि कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी भी निजी व्यापार या व्यावसायिक गतिविधि में शामिल नहीं हो सकता। बावजूद इसके, कुछ शिक्षक खुलेआम नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि यह सब स्कूल समय में ही हो रहा है, जब बच्चों को ज्ञान देने की बजाय गुरुजी अपनी 'सेल्स' और 'नेटवर्किंग टारगेट' पूरा करने में लगे रहते हैं। ग्रामीण और अभिभावक बुरी तरह नाराज़ हैं। एक अभिभावक ने तंज कसा – "बच्चे स्कूल पढ़ने जाते हैं, लेकिन उनके गुरुजन व्यापार बढ़ाने में जुटे रहते हैं। " वहीं एक ग्रामीण ने कहा – "सरकारी वेतन लेकर निजी धंधा करना गुरु-धर्म ही नहीं, पूरे शिक्षा तंत्र का अपमान है। "

सूत्रों की मानें तो विभाग अब कड़ाई के मूड में है। जिन शिक्षकों के सोशल मीडिया और बैंक खातों की जांच हुई, तो सारा खेल साफ हो जाएगा। विभागीय स्तर पर जांच और कठोर कार्रवाई तय मानी जा रही है। हाल ही में सरायपाली क्षेत्र के एक रसूखदार व्याख्याता को हर्बल व्यापार में लिप्त पाए जाने पर निलंबित भी किया जा चुका है। ऐसे में झलप क्षेत्र के हर्बल गुरुजी अब विभागीय कार्रवाई की जद में आने से बच नहीं पाएंगे। अब सवाल यही है—क्या बच्चों का भविष्य गढ़ने वाले ये गुरुजन शिक्षा देंगे या हर्बल धंधे का नेटवर्क बढ़ाएंगे?

---

# सतनामी समाज राजाडीही अठगंवा का गठन, नवीन बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली(ग्रामीण)

सतनामी समाज छत्तीसगढ़ जिला महासमुंद के ब्लाक सरायपाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम जंगलबेड़ा में सतनामी समाज की बैठक दिनांक 17 अगस्त को किया गया जिसमे सर्वसम्मति से राजाडीही अठगंवा का गठन किया गया।

इस बैठक में सर्वसम्मति से राजाडीही अठगंवा परिक्षेत्र से नवीन निराला को अठगंवा अध्यक्ष, गुणनिधि निराला संरक्षक, हृदय सिंह भास्कर उपाध्यक्ष, परमानंद निराला उपाध्यक्ष, अशोक निराला सचिव, लक्ष्मीधर निराला सहसचिव, नानहुराम भास्कर कार्यकारणी सदस्य, धनुर्जय ओगरे कार्यकारणी सदस्य, इंद्रमणि निराला कार्यकारिणी सदस्य, गिरिश निराला कार्यकारणी सदस्य, मनोरंजन निराला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर दौलत प्रसाद रात्रे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज छत्तीसगढ़, लखन कुर्रे प्रदेश महासचिव सतनामी समाज छत्तीसगढ़, खोलबाहरा निराला जिला कोषाध्यक्ष, डिग्रीलाल रात्रे प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, जवाहर लहरे जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ महासमुंद, रोशन भास्कर ब्लाक अध्यक्ष सरायपाली, हरदेव बारीक जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, बलराम मिरी अठगंवा अध्यक्ष, नरेंद्र रात्रे अठगंवा अध्यक्ष, स्वेत कुमार निराला जिला कोषाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, नैनदास रात्रे जिला कार्यकारिणी सदस्य, कलप ओगरे कार्यकारणी सदस्य, गिरधर खूंटे ब्लाक उपाध्यक्ष बसना, मदन खूंटे संरक्षक पीलवापाली अठगंवा, जोगेंदर रात्रे कार्यकारणी सदस्य, कीर्तन खूंटे, तोसराम रात्रे, लक्ष्मीधर निराला, इंद्रमणि निराला, गिरीश निराला, गिरधारी निराला, गुणनिधि निराला, अशोक निराला, नवीन निराला, विद्यासागर निराला, हृदय भास्कर, मुकेश निराला, उमाशंकर निराला, सत्य कुमार रात्रे, भारत बघेल, मेघसिंह रात्रे, परमानंद निराला, निरालाल रात्रे, धनु रात्रे, भूपेंद्र रात्रे, मुरलीधर रात्रे, राजकुमार रात्रे, गणपति रात्रे, हेमलाल ओगरे, धनंजय ओगरे, नानहु भास्कर, रमेश कुमार ओगरे, शोभान ओगरे, दशरथ रात्रे, हीरामणि कोसरिया एवं समाज के प्रमुख सामाजिक कार्यकताओं व राजाडीही अठगंवा परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के लोग के उपस्थित थे।

---

### ग्राम पंचायत तुरेंगा को पानी टैंकर प्रदान किया गया



**झलप।** जनपद विकास निधि मद 25-26 से जोरातराई ग्रामपंचायत तुरेंगा को पानी टैंकर प्रदान किया गया इस अवसर पर कौशिल्या ठाकुर जनपद सदस्य, योगेश कुमार ठाकुर जनपद प्रिनिधि तुरेंगा सरपंच चंपा बाई पटेल, रेख हरदेव उप सरपंच, रूपधार पटेल, ललिता पटेल, भूमिका कुलदीप, डगेश्वर हरदेव अध्यक्ष ग्राम विकास, दामिनी पटेल, मधु यादव, डमरु यादव, बेद राम हरदेव, गिरधारी हदेव, जनेश्वर निषाद, बुध राम ध्रुव, गजेंद्र हरदेव, भोजकुमार ध्रुव सरेकेल, नरेश ध्रुव, कमलेश ध्रुव, कृपा राम ठाकुर, राजकुमार हरदेव रोजगर सहायक, भूषण साहू सचिव एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय महासचिव युवा प्रकोष्ठ निखिल ने ली शपथ

**बसना।** राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीति भागीदारी मंच के राष्ट्रीय सचिव संजीव कुमार सोनी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांत में संगठन के विस्तार एवं युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गईं। संगठन के सामाजिक विकास के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए निखिल सोनी (रायपुर) को राष्ट्रीय महासचिव – युवा प्रकोष्ठ के रूप में मनोनीत किया गया है। संतोष को महासमुंद जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। योगेश सोनी (जांजगीर-चांपा) को प्रांतीय प्रवक्ता के रूप में मनोनीत किया गया है।

---

### ग्राम कौवाझर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम संपन्न

# जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते है : डॉ. एकता लंगेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कौवाझर में महिला सशक्तिकरण पर रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों एवं समाज में उनकी स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेविका डॉ. एकता लंगेह रहीं। उद्बोधन संबोधित करते हुए कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक युग में महिला सशक्तिकरण एक अहम मुद्दा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि शक्ति का स्वरूप होने के बावजूद महिलाएं आज भी अपेक्षित सम्मान और अवसरों से वंचित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक रूप से सशक्त हों तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कौवाझार के सरपंच गेंदराम जांगड़े ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य अंजली जगन्नाथ खैरवार उपस्थित रहीं। डॉ. एकता लंगेह ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया और किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और संसाधनों की उपलब्धता जरूरी है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंच, ग्रामीणजन, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य, हेमवती यादव और ममता यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम का संचालन डिगेश्वरी चंद्राकर ने किया।

---

# प्रवासी श्रमिकों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत सुवरमार के शासकीय

- ग्राम पंचायत सुवरमार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

प्राथमिक शाला अंबेडकर नगर के प्रांगण में प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा प्रवासी श्रमिकों की शासकीय योजनाओं पर क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. भीम राव अंबेडकर के छायाचित्र की पूजा अर्चना जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार और सरपंच मुक्ता यशवंत मारकंडे द्वारा कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।



मंच में उपस्थित जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, सरपंच मति मुक्ता यशवंत मारकंडे, उपसरपंच देवव्रत टंडन तथा पंचगणों के स्वागत पश्चात संस्था से सुमन साहू द्वारा संस्था तथा संस्था द्वारा सं चा लि त परियोजना की जानकारी दी गई कि, प्रयोग संस्था एकता परिषद की एक शाखा है एकता परिषद विगत चालीस वर्षों से जल, जंगल, जमीन पर काम करते आ रही, एकता परिषद के अंतर्गत प्रयोग संस्था महासमुंद, गरियाबंद, और धमतरी तीन जिलों में लगातार 3 वर्षों से कार्य करते आ रही है।

इस कार्यक्रम में उदित पटेल द्वारा उपस्थित पलायन श्रमिकों को जानकारी देते हुए बताया की श्रमिकों को पलायन से पूर्व अपने ग्राम पंचायत में पंजीयन कराना चाहिए, साथ ही अपना नाम, मोबाइल नंबर, ठेकेदार का नाम पता और मोबाइल नंबर तथा जिस स्थान पर कार्य करने जा रहे उस जगह का पता, ये सब पंजीयन कराने चाहिए। साथ ही समान कार्य समान वेतन, वन नेशन वन राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड, में इलाज के लिए कितनी राशि दी जाती है, श्रमिक कार्ड के अंतर्गत जितनी भी योजनाएं है जैसे नोनी सशक्तिकरण योजना, छात्रवृत्ति योजना, मेधावी योजना, दुर्घटना बीमा योजना, सियान योजना इत्यादि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार द्वारा बहुत ही बड़े सुंदर ढंग से उदाहरण देकर लोगो को सरल शब्दों में समझाने का प्रयास किये। कुछ लोगो का श्रमिक कार्ड वितरण किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन देवेंद्र टंडन और सुमन साहू द्वारा ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तरुण व्यवहार बागबाहरा जनपद उपाध्यक्ष, अध्यक्षता सरपंच मुक्ता यशवंत मारकंडे, देवेंद्र टंडन, सोनू टंडन, प्रेम दास टंडन सुनील व्यवहार, विशेष अतिथि उपसरपंच देवव्रत टंडन, राज टंडन, सावित्री ठाकुर हेमलता यादव तथा ग्रामीण, पंचगण अन्य गांवों से ग्रामीण उपस्थित रहे।

---



### वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी की जयंती मनाई गई

**झलप।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की 195वीं जयंती 16 अगस्त 2025 को धूमधाम से मनाई गई, इस अवसर पर ग्राम फुलवारी से विशाल शोभा यात्रा डीजे के साथ निकली, इसमें भारी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इसमें शामिल स्त्री एवं पुरुषों के हाथ में तिरंगा व भगवा झंडे लिए हुए थे। रैली बावनकेरा से होकर झलप, तुरेंगा से जोरा पहुंची, जहां आतिशबाजी से ग्राम सरपंच चंपा बाई पटेल एवं रूपधर पटेल ने स्वागत किया। समाज के द्वारा चाय नाश्ते का प्रबंध किया गया था। रैली आखिर में फुलवारी पहुंची। कार्यक्रम में अमृत लोधी शेषराम लोधी भुनेश्वर लोधी द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के शौर्य और बलिदान को याद कर उन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरदेव लोधी समाज महासमुंद जिला प्रमुख हीराराम पनुरिया, भारत लोधी, लोधी समाज पूर्व उपाध्यक्ष अमृत लोधी, भुनेश्वर लोधी सरपंच पाली, लोकेश पनूरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष, शेषराम हरिहर, नोहर, दुलार, ललित, पिंटू, खिलेश, रितेश, इंदल, गणेश, नवल, लालू, भागवत, जोरातराई, तुरेंगा, चिरको, पाली, बावनकेरा फुलवारी, कस्तूरबोड से लोधी समाज के ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित थे, आखिर में सभी उपस्थित जनता का आभार लोकेश पनूरिया लोधी ने किया

---

# नर्रा क्षेत्र में हर्षोल्लास से मना आजादी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

पूरे अंचल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं ग्रामीण अंचल के गांवों के प्रमुख चौक-चौराहे पर सभी शासकीय भवनों तथा शैक्षाणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के नारों के साथ स्कूलो से प्रभात फेरी भी निकाली गई।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सहकारी समिति नर्रा में प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में शाला प्रबधंन समिति अध्यक्ष टेकराम पटेल ने ध्वजारोहण किया। आयुष्मान आरोग्य उप स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन ने किया। इसी तरह ग्राम पंचायत भवन नर्रा में सरपंच नामेश्वरी दीवान ने किया ग्राम पंचायत बिंद्रावन में सरपंच गायत्री ठाकुर ने किया। ग्राम पंचायत उखरा में सरपंच प्रीतम चौधरी के द्वारा ग्राम पंचायत झिटकी में सरपंच कौशिल्या पटेल ने फहराया। तिरंगा ग्राम पंचायत खट्टी में सरपंच खिलेश्वरी सिन्हा सरकारी समिति परसुली में प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत परसुली में सरपंच जलसिंह पांडे ने ध्वज फहराया। बुढ़ादेव हाई स्कूल परसुली में अध्यक्ष आनंद चक्रधारी ने किया। इसी तरह ग्राम पंचायत परकोम में सरपंच प्रभा पटेल ग्राम पंचायत राटापाली में सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ग्राम पंचायत पंडरीपानी में सरपंच लीला बाई दीवान ने ध्वजारोहण किया।





